आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 04.08.2024

मुख्य समाचारः—

1— राज्य में पांच सौ पैंतीस चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति का आदेश जारी।
2— केंद्रीय राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने आज बिलासपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय बजट को समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय पर केंद्रित बताया।
3— लोकपर्व हरेली आज प्रदेशभर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है—मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में हुआ हरेली त्यौहार का आयोजन।
4— मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई।

चिकित्सा अधिकारी—नियुक्ति

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर राज्य में पांच सौ पैंतीस चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति की गई है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पदस्थापना आदेश जारी कर दिया गया है। इन चिकित्सकों की नियुक्ति से राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी बेहतर तथा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा।

केंद्रीय राज्यमंत्री—बिलासपुर

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव आज छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने बिलासपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय बजट को समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय पर केंद्रित बताया। श्री जाधव ने आयुष मंत्रालय के लिए जारी बजट प्रावधानों के संबंध में बताया कि पहले जहां इस मंत्रालय का बजट करीब तेरह सौ करोड़ रुपये था। वहीं, आज यह बजट बढ़कर तीन हजार सात सौ करोड़ रूपये से अधिक का हो गया है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी मिशन में अटल नगर, बिलासपुर और रायपुर का चयन किया गया है। इस मौके पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व मंत्री विधायक अमर अग्रवाल और विधायक सुशांत शुक्ला उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री—मुख्यमंत्री मुलाकात

केंद्रीय मंत्री प्रताप राव जाधव ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने प्रदेशवासियों को हरेली पर्व की बधाई दी। इस मौके पर पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे।

हरेली—01

छत्तीसगढ़ का लोकपर्व हरेली आज प्रदेशभर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सावन माह की अमावस्या को मनाए जाने वाले हरेली पर्व पर किसानों ने अपने कुल देवता और खेती में उपयोग किए जाने वाले औजारों की पूजा की। साथ ही बच्चों और युवाओं ने गेड़ी चढ़ने का आनंद लिया।

रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भी हरेली त्यौहार का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धर्मपत्नी कौशल्या साय और परिजनों के साथ विधिवत रूप से तुलसी माता, नांगर, कृषि उपकरणों और गेड़ी की पूजा कर अच्छी फसल, किसानों और प्रदेशवासियों की सुख—समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। हरेली त्यौहार के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास को छत्तीसगढ़ी ग्रामीण परिवेश के अनुरूप सजाया गया है। इस दौरान छत्तीसगढ़ी संगीत, लोकनृत्य, पारंपरिक गड़वा बाजा, राउत नाचा और गेड़ी नृत्य का भी विशेष आयोजन किया गया। हरेली त्यौहार पर मुख्यमंत्री ने गाय और बछड़े को लोंदी और चारा खिलाकर पशुधन संरक्षण का संदेश दिया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की खुशहाली और समृद्धि राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग द्वारा वहां लगाई गई उन्नत कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और तेईस किसानों को ट्रैक्टर और हार्वेस्टर की चाबी और अन्य कृषि उपकरण प्रदान किए। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक किरण देव भी मौजूद थे।

हरेली–02

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी आज रायपुर स्थित अपने निवास में कृषि औजारों और गेड़ी की पूजा कर परंपरागत रूप से हरेली त्यौहार मनाया। इस मौके पर उन्होंने अच्छी फसल और किसानों की खुशहाली की कामना की।

उपमुख्यमंत्री ने हरेली कार्यक्रम में कलाकारों के साथ नृत्य किया। साथ ही गेड़ी का भी आनंद लिया। इस दौरान श्री साव ने प्रदेश को हरा–भरा बनाने और धरती मां के श्रृंगार के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लोगों से अपनी मां के सम्मान और स्मृति में पौधा लगाने की अपील की।

बस्तर दशहरा

आज से ही विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व की शुरूआत हो गई है। श्रावण अमावस्या के मौके पर मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने पाटजात्रा की रस्म अदा की गई। बस्तर दशहरा के लिए रथ निर्माण की पहली लकड़ी को स्थानीय बोली में तुरलु खोटला और टीका पाटा कहते हैं। यह लकड़ी बिरौली के जंगल से जगदलपुर के दंतेश्वरी मंदिर लाई गई। इस दौरान गांव के पुजारी ने रथ निर्माण में प्रयोग की जाने वाली पहली लकड़ी की परंपरानुसार पूजा–अर्चना की। इस पूजा में बस्तर सांसद और बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप सहित अनेक जनप्रतिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। गौरतलब है कि इस वर्ष बस्तर दशहरा सतहत्तर दिनों तक चलेगा।

राज्यपाल–सम्मेलन

राज्यपालों का दो दिन का सम्मेलन कल राष्ट्रपति भवन में संपन्न हुआ।

समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि राज्यों के समावेशी और निरंतर विकास पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है और सभी राज्यों को एक–दूसरे की सर्वोत्तम कार्यशैली तथा अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ना चाहिए। राष्ट्रपति ने सम्मेलन में एक–दूसरे के अनुभवों से सीखने की भावना से की गई व्यापक चर्चा के लिए राज्यपालों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राजभवनों का माहौल भारतीय जीवन–शैली के अनुरूप होना चाहिए और राज्यपालों को आम लोगों के साथ जुडने के प्रयासों को तेज करना चाहिए। इस अवसर पर उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राज्यपालों को अपने राज्य सरकार के साथ लगातार संवाद बनाए रखना चाहिए। सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यपालों से अपील की कि वे राजभवनों में शासन का आदर्श मॉडल विकसित करें।

इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका भी शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों के आकांक्षी जिलों, ब्लॉक, और सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास पर अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में जनजातीय विकास के लिए शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बीजापुर जिले के माओवादी गतिविधियों से प्रभावित ग्राम मुड़ावेडी का उल्लेख किया, जहां सड़कों का विस्तार किया गया और प्रशासन द्वारा सुरक्षा बढ़ाई गई। इसके बाद भी वहां के वंचित बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री–सम्मेलन

उपमुख्यमंत्री तथा विधि–विधायी कार्य मंत्री अरुण साव आज रायपुर के नरदहा स्थित एक निजी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि देश में तीन नये कानूनों को लागू करना केन्द्र सरकार का क्रांतिकारी निर्णय है। यह लोगों को त्वरित न्याय दिलाने और देश की न्यायिक व्यवस्था में सुधार की दिशा में बड़ा कदम है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने सम्मेलन में उत्कृष्ट शोध प्रस्तुत करने वाले शोधार्थियों और प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देशभर के कानून विशेषज्ञों, न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने 'डिकोडिंग द चैलेंजेस ऑफ इंडियास न्यू क्रिमिनल लॉज' पर विचार–विमर्श किया।

अनुसूचित जाति/जनजाति–आवेदन

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष दो हजार चौबीस में सफलता प्राप्त करने वाले प्रदेश के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पात्र अभ्यर्थियों को राज्य सरकार एक लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करेगी। इसके लिए पात्र अभ्यर्थियों से छह अगस्त तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। पात्र अभ्यर्थी आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं।

ट्रेन परिचालन

माओवादी गतिविधियों और भारी बारिश के चलते किरंदुल से विशाखापट्टनम तक चलने वाली यात्री ट्रेन आगामी आठ अगस्त तक किरंदुल नहीं जाएंगी। इस ट्रेन का संचालन दंतेवाड़ा से विशाखापट्टनम के बीच ही किया जाएगा। इस दौरान नाइट एक्सप्रेस और किरंदुल–विशाखापट्टनम पैसेंजर का परिवहन बाधित रहेगा। एनएमडीसी के चेक डैम के बांध टूटने की वजह से ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने आगामी आठ अगस्त के बाद से ही इस मार्ग पर आवागमन शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं।

भालू हमला

गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में आज भालू के हमले में एक युवक की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह कुछ ग्रामीण मरवाही थाना क्षेत्र के सिवनी–बदरोड़ी के जंगल लकड़ी काटने गए थे, तभी उनका सामना भालू से हो गया। इस दौरान भालू ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। हालांकि, कुछ ग्रामीणों ने भागकर अपनी जान बचाई। भालू के हमले में घायल दो लोगों को पहले जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाद में उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बिलासपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।

स्वर्णप्राशन

बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए रायपुर के आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में कल स्वर्णप्राशन का आयोजन किया गया, जिसमें एक हजार तीन सौ सत्तर बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन के साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया। गौरतलब है कि रायपुर स्थित आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से सोलह वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है।

मौसम

प्रदेश में आगामी चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार एक अवदाब उत्तर–पूर्व मध्यप्रदेश और उससे लगे दक्षिण उत्तरप्रदेश के ऊपर स्थित है। वहीं, एक द्रोणिका राजस्थान से लेकर मध्य बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। इसके असर से प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश होने की संभावना है।

इस बीच, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के रामगढ़ गांव में आज सुबह तेज बारिश के कारण एक घर की दीवार गिर गई। इस घटना में घर में सो रहे पति–पत्नी की मौत हो गई है। वहीं, आठ साल का एक बालक घायल हो गया है।

संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने आज नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से सौजन्य मुलाकात की।

– जांजगीर–चांपा जिले के डोंगरी गांव में करंट की चपेट में आने से खेत में काम रहे पति–पत्नी की मौत हो गई।

– जांजगीर–चांपा जिले के नवागढ़ स्थित शासकीय महाविद्यालय में 'हमर पुलिस–हमर संग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सामुदायिक पुलिसिंग के जरिये लोगों को सायबर क्राईम और ऑनलाइन ठगी से बचाव के के बारे में बताया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>